an>

Title : Regarding alleged negligence in construction of NH-74 in Udham Singh Nagar district, Uttarakhand- laid.

एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर) : नैनीताल-ऊधम सिंह नगर के अन्तर्गत खटीमा-पानीपत राष्ट्रीय राज मार्ग पर जनपद ऊधम सिंह नगर में स्थित (एन.एच. 74) का निर्माण कार्य एक निर्माण कम्पनी को दिया गया था किन्तु कम्पनी द्वारा पिछले तीन वर्षों से एन.एच.में अनेक स्थानों पर निर्माण कार्य नहीं किया गया है ।

ऊधम सिंह नगर में जहां-2 भी इस निर्माण कम्पनी द्वारा काम किया गया है कहीं भी पैदल चलने अथवा दुपहिया वाहनों तक के लिए सर्विस लाईनों का निर्माण नहीं कराया है । साथ ही कहीं भी योजना बद्ध तरीके से नालों का निर्माण न होने से गढडों में पानी भरने के कारण कई बार छोटे वाहन उसमें डूब जाते हैं तथा दुर्घटना होती है । रूद्रपुर जिला मुख्यालय में ग्यारह नागरिकों की उक्त निर्माण कम्पनी की लापरवाही से मृत्यु हो चुकी है ।

एन0एच0 के अधिकारियों की अकर्यमण्यता के चलते व उक्त कम्पनी की घोर लापरवाही से एक दर्जन से अधिक नागरिक दुर्घटनाओं के कारण मौत के मुंह में समा चुके हैं व कई गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं । कम्पनी द्वारा 50 प्रतिशत निर्माण कार्य भी पूरा न होने पर इस राष्ट्रीय राजमार्ग किच्छा रोड पर टोल वसूला जा रहा है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने हेतु माननीय सड़क परिवहन व राजामार्ग को आदेश देने का कष्ट करें ।